कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में फिटनेस वीथ गरबा वर्कशॉप उद्घाटित

शासकीय डॉ. वामन वसुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा ‘‘फीट इंडिया मुहमेन्ट के अन्तर्गत एक सप्ताह का ‘‘फिटनेस वीथ गरबा’’ वर्कशाप का आयोजन समस्त महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु किया गया।

छात्राओं के सोशल मीडिया के बढ़ते रूझान एवं शारीरिक गतिविधियों के प्रति उदासीनता को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय क्रीड़ा विभाग की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे को विचार अया की कुछ ऐसा आयोजन किया जाये की छात्राएँ किसी न किसी रूप में शारीरिक गतिविधियों में हिस्सा ले।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने वर्कशाप के लिए अनुमति प्रदान की। वर्कशाप के प्रथम दिवस महाविद्यालय की 150 (एक सौ पचास) छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी ने पारम्परिक गरबा के चौकड़ी, छकड़ी स्टेप सीखाये।

र्वकशाप के दूसरे दिन श्रीमती सुचित्रा चिलागिया गरबा कोरियोग्राफर एवं इवेन्ट ऑर्गनाइजर ने छात्राओं को पारम्परिक गुजराती गरबा की जानकारी देते हुए गरबा परिधान की भी जानकारी प्रदान की। उन्होनें चौकड़ी-छकड़ी आठताल के फूट स्टेप के साथ ही हाथों का स्टेप बताया और हाथ एवं पैर का काडिनेशन कैसे करते है की जानकारी दी एवं प्रायोगिक रूप से करके दिखाया। घेरे या गोले में गरबा करते हुए किन बातों का ध्यान रखा जाया बताया की जानकारी दी। छात्राओं ने उत्साह के साथ वर्कशाप में सीखा और आनंद लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय योग विभाग की सहायक प्राध्यापक कु. खुश्बू साहू, भूमिका उपाध्याय, छात्राऐं सुमन गर्ग, सुस्मिता नायक, तनुजा, अम्बिका मटियारा, रजनी, चंचला के सहयोग दिया। महाविद्यालय नृत्य विभाग की छात्राएँ कुमारी प्रेरणा, उर्वशी, निशा के विशेष सहयोग प्रदान करते हुए छात्राओं का धूम-धूम के स्टेप सही कराया एवं अभ्यास करवाया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में फिटनेस वीथ गरबा वर्कशॉप उद्घाटित